तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

13 विधायक कुंवर सिंह पर लगाए आरोपों के विरोध में कांग्रेस ने ...




14 भटगांव स्कूल में भारत माता की प्रतिमा का अनावरण...








# रेंगाडबरी-अन्नुटोला-डोंगरगांव मार्ग बदहाल, ग्रामीणों ने डामरीकरण की मांग की

## जर्जर सड़क से रोजाना आवागमन प्रभावित, बरसात में दुर्घटना का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

रेंगाडबरी से अन्नुटोला होते हुए डोंगरगांव जाने वाला मुख्य मार्ग वर्षों से जर्जर हालत में होने के कारण ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे और उखड़ी डामर के कारण करीब 3 से 4 किलोमीटर का सफर भी कठिन हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अन्नुटोला एवं आसपास के गांवों के लोग बाजार, सहकारी सोसायटी, अस्पताल और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए रेंगाडबरी आते-जाते हैं। खराब सड़क के चलते मरीजों को अस्पताल पहुंचाने, बच्चों के स्कूल आने-जाने तथा किसानों को कृषि उपज मंडी तक पहुंचने में काफी दिक्कत होती है। बरसात के दिनों में सड़क पर कीचड़ और फिसलन बढ़ जाने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। दोपहिया वाहन चालकों और साइकिल सवारों के हादसे का शिकार होने की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत और डामरीकरण की मांग को लेकर कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से रेंगाडबरी-अन्नुटोला-डोंगरगांव मार्ग का शीघ्र डामरीकरण एवं मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



**ये रहे मौजूदः** इस दौरान ललित कुमार साहू, अंकुश कुंजाम, परमेश्वर कुंजाम, गिरीश साहू, कंसराम पौसार्य, प्रेम पौसार्य, सोमदत्त कोमरे, कलेन्द्री बाई साहू, शाहिद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी नेमन साहू, रेंगाडबरी ने दी।



## डिवाइडर और आधुनिक स्ट्रीट लाइट से सजेगा शहर, छह नव-नियुक्त एल्डरमेनों ने संभाली जिम्मेदारी

# बालोद नगर पालिका में एल्डरमेनों ने ली शपथ, आठ करोड़ से अधिक के सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका परिषद बालोद में नव–नियुक्त एल्डरमेनों का शपथ ग्रहण एवं 8 करोड़ से अधिक के सौंदर्यीकरण कार्योर् का लोकार्पण संपन्न हुआ।

- भाजपा नेताओं की मौजूदगी में शपथ ग्रहण एवं लोकार्पण समारोह संपन्न, शहरवासियों को मिली विकास की सौगात

नगर पालिका परिषद बालोद में गुरुवार को नव–नियुक्त एल्डरमेनों का शपथ ग्रहण समारोह एवं शहर के सौंदर्यीकरण से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालोद शहर आधुनिक प्रकाश व्यवस्था एवं आकर्षक डिवाइडरों से जगमगा उठा। नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नूतन कंवर ने नगर पालिका परिषद के नव–नियुक्त छह एल्डरमैनों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके पश्चात अटल परिषद चौक में आयोजित लोकार्पण समारोह में भारतीय जनता पार्टी की विष्णु देव साय सरकार एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला मुख्यालय बालोद में 8 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पूर्ण कराए गए सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंडल ▶▶| शेष पेज 13 पर





### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, शहर मंडल महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, पालक ठाकुर, पार्षदगण गिरिजेश गुप्ता, दीपक लोढ़ा, सुनीता मनहर, आशा पटेल, कांति साहू, प्रीतम यादव, गोकुल ठाकुर, गोमती रात्रे, श्यामा यादव, पुष्पा साहू सहित नव–नियुक्त एल्डरमैन नितेश वर्मा, संतोष कौशिक, शेखर वर्मा, हितेश्वरी कौशिक, रवि पांडे एवं जागेश्वर ढीमर उपस्थित रहे। इसके अलावा लालचंद लुनिवाल, मनी नायर, मनोज चांडक, संजय चौधरी, महेश पाठक, संजय शर्मा, राज सोनी, सौरभ जैन, अभिन्न यादव, रजत जैन, समीर खान, नीतू सोनवानी, सुरेश निर्मलकर, सुनील यादव, प्रीती देशमुख, राधा कौशिक, प्रतिमा यादव, नीमा साहू, आशुतोष कौशिक, दीप्ति यादव, चंद्रकांत निर्मलकर, दीपक जैन सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## युवक ने जंगल में फांसी लगाकर की आत्महत्या पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र के ग्राम माटरी में गुरुवार को एक 22 वर्षीय युवक ने जंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम माटरी निवासी लोकेश भूआर्य (22 वर्ष) गुरुवार सुबह घर पर नहीं मिला। परिजनों ने पहले यह समझा कि वह किसी काम से बाहर गया होगा और वापस लौट आएगा। इसी दौरान गांव के चरवाहे जब नहर पार स्थित जंगल में मवेशी चराने पहुंचे तो उन्होंने सूखे सेनहा पेड़ पर गमछे के सहारे युवक का शव फांसी के फंदे से लटका देखा। इसके बाद ग्रामीणों को सूचना दी गई, जिन्होंने तत्काल डौंडीलोहारा पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुनील तिर्की के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

### खबर संक्षेप

## तवेरा मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे कचरे का अंबार बदबू से राहगीर परेशान



**गुण्डरदेही।** ग्राम तवेरा मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे बस्ती से लगे कचरे के ढेरों से आ रही बदबू से राहगीर परेशान हो रहे हैं। यहां आस पास के रहवासी ने बड़ी मात्र मे सड़क किनारे कचरा डाल रखा है, जिससे कचरा पुरी तरह सड़क मे फैल चुका है, बरसात के मौसम में सड़क किनारे पड़ा यह कचरा सड़ने लगा है। जिसके कारण इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है। इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीर बदबू से बचने के लिए अपने मुंह पर रुमाल रख कर या हाथ लगा कर निकलते हैं। कचरे के ढेरों से आ रही बदबू से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा सड़क किनारे डाल रखे कचरे के ढेर से सड़क की सोल्डर घिरा हुआ है, जिसके कारण राहगीरों को अपने वाहनों को साइड देने में भी समस्या उत्पन्न हो रही है, जिसके चलते दुर्घटना का भी भय बना रहता है। इस ओर ग्राम पंचायत के चुने हुए जिम्मेदार जनप्रतिनिधिगण ध्यान नही है।

## पत्नी का गला घोटने का प्रयास, पति गिरफ्तार

**भिलाई।** घरेलू विवाद के कारण पति ने अपनी पत्नी का गला घोटकर हत्या का प्रयास करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने पति को गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि आमा कुंआ चौक पुरैना भिलाई तीन निवासी मिथलेस यादव अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। कुछ समय के लिए वह अपने मायके चली गई थी।

## धनेली में ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम बच्ची की मौत, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम धनेली में ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच्ची की मौत हो गई। मामले में आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 184, 106(1), 281 के तहत अपराध कायम कर ट्रैक्टर को जप्त कर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

- आरोपी का ट्रैक्टर जब्त, ग्रामीणों ने लापरवाही और शराब पीकर वाहन चलाने के लगाए आरोप

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोप है कि ग्राम धनेली में ग्राम के कुणाल साहू पिता कोमल साहू अपने ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 24 वाई 2593 को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर छोटी बच्ची निकिता यादव जो वहां पर खड़ी थी जिसे कुचल दिया। जिससे निकिता यादव की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में शिकायत के बाद गुरूर थाना में अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। मामले में आरोपी के ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया है। इधर मामले में ग्रामीणो मे आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ घटना के बाद से आक्रोश व्याप्त है। बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला सहित पुरुषो ने थाना में आकर शिकायत की है कि पूर्व में कुणाल साहू के द्वारा एक हाथ में दारू पीते और एक हाथ से ट्रैक्टर चलाते लापरवाही पूर्वक देखा गया है। ग्रामीणो ने यह भी शिकायत की है कि पूर्व में गांव के चिमन साहू के ट्रैक्टर को भी शराब पीकर क्षतिग्रस्त किया गया है।

ग्रामीणो ने लिखित मे बताया कि उसी दिन गांव के सरपंच बालमुंकुद निशाद को अपने ट्रैक्टर से दबाने का प्रयास किया गया है। ग्रामीणो ने शिकायत पत्र में कहा है कि पूर्व में तेजराम एवं गांव के अन्य व्यक्ति को भी ट्रैक्टर से रौदने का प्रयास किया गया है। मामले मे गुरुर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

## 12 जुआरियों से 9.04 लाख बरामद, मोबाइल और कई वाहन जब्त

**भिलाई।** जुआ खेल रहे 12 जुआरियों से पुलिस ने दबिश देकर लाखों रुपए नगदी बरामद किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रायपुर नाका क्षेत्र में हार-जीत का जुआ खेलने की शिकायत मिली। घेराबंदी कर जुआरियों को पकड़ा गया। जिसमें सेक्टर-5, भिलाई निवासी मयंक गावड़े, चिल्फी लीलापुर वार्ड-8, बजरंग चौक प्रहलाद शर्मा, सदर बाजार, रायपुर राजीव तिवारी, रुआबांधा हेमलाल ढीमर, खमहरिया बेमेतरा मनीष रात्रे, कबीरधाम पंकज कुमार काठले, दुर्गेश कुमार बर्मन, ग्राम कांदुल, मुजगहन रायपुर नागेश्वर साहू, उतई पंकज वर्मा, मोतीपुर, थाना पंडरिया, जिला कबीरधाम हेमनंदन डहरे, सिविल लाइन रायपुर संजय चोपड़ा,हनुमान नगर दुर्ग अमित सिंह को पकड़ा गया है। जुआरियों के पास से नगद 9.4 लाख, 10 मोबाइल, वाहन और ताश पत्ती जब्त किया गया। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि जुआ, सट्टा, अन्य अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें।




### सीपेज और छत का मलबा गिरने से कमरे बंद

# सुवरबोड प्राथमिक शाला के दो कमरे जर्जर बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम पंचायत सुवरबोड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के दो कमरे सीपेज और छत जर्जर होने के कारण मलबा गिरने से बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए दोनों कमरों को बंद कर दिया गया है, जिससे विद्यालय के 70 छात्र-छात्राओं को मात्र तीन कमरों में पढ़ाई करनी पड़ रही है।

- अतिरिक्त कक्ष निर्माण की ग्रामीणों ने की मांग

भवन की कमी के कारण कई कक्षाओं के विद्यार्थियों को एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। मध्यान्ह भोजन के लिए अलग व्यवस्था नहीं होने से बच्चे उसी कक्ष में भोजन करते हैं, जबकि शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई टेबल-बेंच जर्जर कमरों में रखी होने के कारण अधिकांश बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जर्जर भवन और अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने शीघ्र नए अतिरिक्त कक्ष के निर्माण एवं जर्जर भवन को हटाने की मांग की है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण चतुर्वेदी ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला सुवरबोड के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा जर्जर भवन को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है।





# एचपीवी टीकाकरण में दुर्ग पिछड़ा, लक्ष्य का सिर्फ 21% ही कर पाया पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी (HPV) टीकाकरण अभियान में दुर्ग जिला उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका। स्वास्थ्य विभाग रायपुर द्वारा 28 फरवरी से 29 जून 2026 तक जारी प्रगतिशील रिपोर्ट के अनुसार, दुर्ग जिला लक्ष्य का केवल 21 प्रतिशत ही पूरा कर पाया।

जिले में 18,715 बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन अब तक केवल 3,847 बच्चों का ही टीकाकरण हो सका। इस प्रदर्शन के साथ दुर्ग प्रदेश में 11वें स्थान पर रहा और शीर्ष दस जिलों में भी जगह नहीं बना सका।

राज्यभर में इस अवधि के दौरान 18,264 टीकाकरण सत्र प्रस्तावित किए गए थे, जिनमें 15,443 सत्र आयोजित हुए। प्रदेश में 3,12,522 बच्चों के लक्ष्य के मुकाबले 60,953 बच्चों का टीकाकरण हुआ, जो कुल लक्ष्य का लगभग 20 प्रतिशत है। प्रदेश में सबसे बेहतर प्रदर्शन बलरामपुर-रामानुजगंज जिले का रहा। यहां 8,785 बच्चों के लक्ष्य के मुकाबले 7,931 बच्चों को टीका लगाया गया और जिले ने 90 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। कोरिया भी 2,375 के लक्ष्य में 2,129 बच्चों का टीकाकरण कर 90 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इसके बाद बालोद में 8,498 के लक्ष्य के विरुद्ध 3,861 बच्चों का टीकाकरण (45 प्रतिशत), रायगढ़ में 12,768 के लक्ष्य के मुकाबले 5,428 (43 प्रतिशत), गरियाबंद में 6,747 में से 2,692 (40 प्रतिशत), राजनांदगांव में 10,452 में से 3,882 (37 प्रतिशत), सूरजपुर में 9,111 में से 2,894 (32 प्रतिशत), एमसीबी (मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर) में 4,088 में से 1,222 (30 प्रतिशत), महासमुंद में 11,500 में से 2,898 (25 प्रतिशत) तथा सरगुजा में 13,794 के लक्ष्य के मुकाबले 3,324 बच्चों का टीकाकरण हुआ, जिससे यह जिला 24 प्रतिशत उपलब्धि के साथ शीर्ष दस में शामिल रहा।

## 18,715 बच्चों के लक्ष्य के मुकाबले केवल 3,847 को लगा टीका, टॉप 10 में भी नहीं बना पाया स्थान

### 3 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज

दुर्ग के बाद मुंगेली में 9,199 के लक्ष्य के विरुद्ध 1,701 बच्चों (18 प्रतिशत), सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 7,282 में से 1,318 (18 प्रतिशत), खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 4,464 में से 756 (17 प्रतिशत), मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 3,450 में से 529 (15 प्रतिशत), बीजापुर में 3,161 में से 443 (14 प्रतिशत), कोरबा में 13,892 में से 1,927 (14 प्रतिशत), धमतरी में 8,544 में से 1,168 (14 प्रतिशत), जशपुर में 9,638 में से 1,228 (13 प्रतिशत) तथा बेमेतरा में 11,843 के लक्ष्य में 1,431 बच्चों को टीका लगाया गया, जो 12 प्रतिशत उपलब्धि रही। आगे दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में 3,163 के लक्ष्य के मुकाबले 316 (10 प्रतिशत), कबीरधाम में 12,003 में से 1,160 (10 प्रतिशत), रायपुर में 28,793 में से 2,781 (10 प्रतिशत), गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 3,893 में से 369 (9 प्रतिशत), सक्ति में 8,100 में से 759 (9 प्रतिशत), बस्तर में 9,554 में से 811 (8 प्रतिशत), बलौदाबाजार-भाटापारा में 15,379 में से 1,280 (8 प्रतिशत) तथा बिलासपुर में 22,363 के लक्ष्य के मुकाबले 1,747 बच्चों का टीकाकरण हुआ, जो 8 प्रतिशत उपलब्धि है। सबसे कमजोर प्रदर्शन वाले जिलों में उत्तर बस्तर कांकेर ने 8,163 के लक्ष्य के मुकाबले 348 बच्चों (4 प्रतिशत), सुकमा ने 3,018 में से 117 (4 प्रतिशत), जांजगीर-चांपा ने 11,380 में से 417 (4 प्रतिशत), कोंडागांव ने 6,721 में से 193 (3 प्रतिशत) तथा नारायणपुर ने 1,686 के लक्ष्य में केवल 46 बच्चों का टीकाकरण कर 3 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की।



### जागरूकता बढ़ाकर लक्ष्य हासिल करने की तैयारी

एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के लिए स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं 13 से 18 जुलाई तक जिले के सभी स्कूलों में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। अभिभावकों से अपील की जा रही है कि वे पात्र बच्चियों का समय पर टीकाकरण कराएं। एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम है। **-हितेन्द्र कोसरे,** बीईटीओए भिलाई

## खबर संक्षेप

### आरोपी सोमेश को कलेक्टर ने किया जिलाबदर

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने आरोपी सोमेश वैष्णव के आपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चैन, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत जिलाबदर की कार्रवाई की है। सोमेश पिता स्वर्गीय गन्नू दास वैष्णव उम्र 37 वर्ष ग्राम अंजोरा को राजस्व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले राजनांदगांव, रायपुर, धमतरी, बेमेतरा, बालोद एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों की सीमाओं से आदेश पारित की तिथि से एक सप्ताह के भीतर अपने आपको हटा लेने अथवा बाहर चले जाने कहा गया है। साथ ही बदमाश सोमेश को इस तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी की बिना अनुमति के प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। आरोपी के विरुद्ध लूट, अपहरण, उदण्डता करना, लोगों को मारना-पीटना, अवैध रूप से हथियार रखकर शराब की बिक्री करना एवं लड़ाई-झगड़ा कर मारपीट करने जैसे कई गंभीर अपराध करने की आदत है। आरोपी के विरुद्ध थाना पुलगांव में कई अपराध पंजीबद्ध हैं।

# जिले के 66 सरकारी स्कूलों के भवन और कमरे जर्जर, अब किए जाएंगे सभी डिस्मेंटल




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के 66 सरकारी स्कूलों के जर्जर भवनों और कमरों को डिस्मेंटल किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने डिस्मेंटल (ध्वस्त) करने की अनुमति दे दी है। हरिभूमि ने जर्जर स्कूलों की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिला शिक्षा अधिकारी और लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग के प्रतिवेदन और प्रस्ताव के आधार पर इन अनुपयोगी और असुरक्षित ढांचों को निष्प्रयोज्य घोषित किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में चिन्हित किए गए स्कूलों के अतिरिक्त, क्षेत्र के अन्य जर्जर भवनों (शेष) का भी लोक निर्माण विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण कर प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है, जिसके आधार पर शीघ्र ही उन्हें भी डिस्मेंटल करने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

## विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने दी अनुमति

### दुर्ग के जर्जर स्कूल भवन होंगे ध्वस्त

दुर्ग विकासखंड के अंतर्गत कुल 08 शासकीय स्कूलों के जर्जर कक्ष/भवन शमिल हैं। जिसमें प्राथमिक शाला तितुरडीह क्रमांक 01 के 3 कक्ष और 1 हॉल, प्राथमिक शाला कातुलबोड़ के 5 कक्ष, पूर्व माध्यमिक शाला सुपेला के 9 कक्ष, प्राथमिक शाला सुपेला क्रमांक 01 के 10 कमरा, पूर्व माध्यमिक शाला वृन्दानगर के 1 कक्ष, प्राथमिक शाला जुनवानी के 04 कक्ष, प्राथमिक शाला सुभाषनगर के 04 कक्ष व 1 बरामदा और प्राथमिक शाला केम्प 01 के भवन डिस्मेंटल होंगे।

### धमधा ब्लॉक में 26 जर्जर

धमधा विकासखंड के तहत कुल 26 शासकीय स्कूलों के जर्जर कक्ष/भवन शामिल हैं। जिसके तहत प्राथमिक शाला ठेंगाभाट का 01 कक्ष, प्राथमिक शाला धौराभांठा के 02 कक्ष, प्राथमिक शाला सुरडुंग के कुल 03 कक्ष, 02 बरामदा व 1 सीढ़ी, प्राथमिक शाला लिमतरा के 04 कक्ष, प्राथमिक शाला रिंगनी के 02 कक्ष व 01 बरामदा, प्राथमिक शाला गोढ़ी के 02 कक्ष व 01 बरामदा, प्राथमिक शाला दारगांव के 02 कक्ष व 01 हाल, प्राथमिक शाला मोहलई का 01 कक्ष व 01 हाल, प्राथमिक शाला मोहरेंगा के 04 कक्ष व 01 हाल, प्राथमिक शाला मुड़पार ना. के 02 कक्ष, प्राथमिक शाला सेमरिया गि. के 07 कक्ष व 01 हाल, प्राथमिक शाला न.अकोला का 01 कक्ष, पूर्व माध्यमिक शाला गोढ़ी के 03 कक्ष व 01 हॉल, तथा प्राथमिक शाला पाहरा के 04 कक्ष व 01 बरामदा को ढहाया जाएगा। इसके साथ ही प्राथमिक माध्यमिक शाला जरवाय के 02 कक्ष व 01 बरामदा, प्राथमिक शाला धिकुड़िया के 02 कक्ष व 01 हॉल, पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया गि. के 4 कक्ष व 01 हॉल, प्राथमिक शाला नंदौरी के 02 कक्ष, प्राथमिक शाला हरदी का 01 कक्ष, प्राथमिक शाला पिटौरा के 02 कक्ष, शासकीय प्राथमिक शाला सांकरा के 03 कक्ष, प्राथमिक शाला मलपुरीखुर्द का 01 कक्ष (किचन), प्राथमिक शाला मुरमुंदा के 02 कक्ष, प्राथमिक शाला अहिवारा के 05 कक्ष, प्राथमिक शाला खेरधा का 01 कक्ष और पूर्व माध्यमिक शाला खेरधा के 02 कक्ष व 01 बरामदा भी डिस्मेंटल किया जाएगा।

### पाटन ब्लॉक में 32 स्कूलों में यह स्थिति

पाटन विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कुल 32 शासकीय स्कूलों में भी यह कार्रवाई की जा रही है, जिसमें प्राथमिक शाला सोनपुर के 02 कक्ष, प्राथमिक शाला खम्हरिया ड का 01 कक्ष, प्राथमिक शाला गाड़ाडीह के 3 कक्ष व शौचालय, प्राथमिक शाला बोदल (मटंग) के 4 कक्ष व शौचालय, प्राथमिक शाला चीचा का 1 कक्ष, प्राथमिक शाला नवागांव के 2 कक्ष, प्राथमिक शाला परेवाडीह का 1 कक्ष, प्राथमिक शाला गोंड़पेण्डी का 1 कक्ष, प्राथमिक शाला पहन्दा अ के 13 कक्ष व 2 बरामदा, कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पाटन के 04 कक्ष, पूर्व माध्यमिक शाला जमराव का 01 कक्ष, प्राथमिक शाला मजार चौक सेलूद का 01 कक्ष, प्राथमिक शाला धूमा के 04 कक्ष, प्राथमिक शाला शुक्लाडीह का 01 कक्ष, प्राथमिक शाला डीह का 01 कक्ष, प्राथमिक शाला दरबारमोखली के 04 कक्ष, प्राथमिक शाला देमार नवागांव का 01 कक्ष, प्राथमिक शाला लोहरसी वरि. के 02 कक्ष, प्राथमिक शाला भांठागांव का 01 कक्ष, प्राथमिक शाला बालक जामगांव एम के 02 कक्ष तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झीट का 01 कक्ष, पूर्व माध्यमिक शाला सांकरा का 01 कक्ष, पूर्व माध्यमिक शाला असोगा का 01 कक्ष, पूर्व माध्यमिक शाला तुलसी का 01 कक्ष, प्राथमिक शाला बजरंगपारा अमलेश्वर का 01 कक्ष, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलूद का 01 कक्ष, प्राथमिक शाला सिपकोना के 03 कक्ष, प्राथमिक शाला सेजस रानीतराई का 01 कक्ष,प्राथमिक शाला सेलूद का 01 कक्ष, पूर्व माध्यमिक शाला मर्रा के 02 कक्ष, पूर्व माध्यमिक शाला केसरा का 01 कक्ष और प्राथमिक शाला भनसुली के का 01 कक्ष डिस्मेंटल किया जाएगा।

# भिलाई, रिसाली, जामुल और भिलाई-चरोदा निकाय के वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया हुई शुरू

**भिलाई।** निकाय चुनाव से पहले वार्ड आरक्षण की कवायद शुरू हो गई है। भिलाई निगम के 70 और रिसाली निगम के 40 वार्डों का होगा निर्धारण किया जाएगा। भिलाई तीन चरोदा निगम में 40 वार्ड और जामुल पालिका के 20 वार्डों का भी आरक्षण होगा। कलेक्टर को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश जारी कर वार्डवार आरक्षण कर इसकी सूची मंगवाई है। तीनों की निगमों में महापौर पद का आरक्षण पहले ही हो चुका है। जामुल पालिका अध्यक्ष का भी आरक्षण किया जा चुका है। अब पार्षद चुनाव के लिए वार्डों की आरक्षण प्रक्रिया शुरू की जानी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार दुर्ग जिले में नगर निगम भिलाई और नगर निगम रिसाली सहित अन्य निकायों के वार्डों का आरक्षण किया जाएगा। इसके लिए दुर्ग कलेक्टर को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

00 भिलाई व रिसाली के 110 वार्डों का होगा आरक्षण

दुर्ग जिले के दो प्रमुख निगमों में भिलाई नगर निगम के 70 तथा रिसाली नगर निगम के 40 वार्ड हैं। कुल 110 वार्डों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिला वर्ग के लिए आरक्षण तय किया जाएगा। आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह स्पष्ट होगा कि कौन से वार्ड किस वर्ग के लिए आरक्षित होंगे और किन वार्डों में सामान्य श्रेणी से चुनाव लड़ा जा सकेगा। निकाय चुनाव की दृष्टि से यह प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि आरक्षण सूची जारी होने के बाद ही संभावित प्रत्याशी अपने चुनावी क्षेत्र तय कर पाएंगे। कई वर्तमान पार्षदों और दावेदारों की निगाहें अब वार्ड आरक्षण सूची पर टिकी हुई हैं।

### महापौर पद और अध्यक्ष पर पहले से ही आरक्षित

भिलाई निगम में महापौर पद पिछड़ा वर्ग सामान्य के लिए आरक्षित हो चुका है। रिसाली निगम का महापौर पद अनूसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हो गया है। भिलाई तीन चरोदा निगम पिछड़ा वर्ग सामान्य और जामुल नगर पालिका अध्यक्ष पद महिला पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हो चुका है। इन निकायों में अभी से ही चुनावी सरगर्मी भी तेज हो गई है। दावेदार अपने-अपने हिसाब से तैयारी कर रहे हैं।

# बलात्कार के मामले में कोर्ट ने गर्भपात का आदेश किया पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पद्मनाभपुर थाने में दर्ज बलात्कार के एक मामले में कोर्ट ने एक अहम आदेश पारित किया है। मामले में कोर्ट ने पीड़िता के गर्भवती होने पर गर्भपात कराने और भ्रूण को डीएनए के लिए संरक्षित रखने का आदेश दिया है।

- न्यायाधीश भूपेश कुमार बसंत के न्यायालय से आदेश पारित

न्यायाधीश भूपेश कुमार बसंत ने यह आदेश जारी किया है। मामले में पीड़िता की तरफ से पैरवी अधिवक्ता सौरभ चौबे ने की। उन्होंने की मामले में आवेदन प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर आवेदिका के अधिवक्ता ने तर्क में व्यक्त किया कि आवेदिका द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध थाना पद्मनाभपुर में अपराध क्रमांक 404/2026 धारा 69 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कराया गया है। प्रार्थिया अभियुक्त के कारण गर्भवती हुई है। प्रार्थिया के भ्रूण को डीएनए टेस्ट हेतु संरक्षित कर प्रार्थिया को गर्भपात कराने की अनुमति दिया जाना आवश्यक है। अतः आवेदन स्वीकार कर थाना प्रभारी को शासकीय चिकित्सक के माध्यम से प्रार्थिया का गर्भपात कराते हुए भ्रूण को डीएनए हेतु संरक्षित करने हेतु आदेशित किये जाने का निवेदन न्यायाधीश के समक्ष किया गया। प्रकरण के तथ्य एवं परिस्थितियों के दृष्टिगत थाना प्रभारी पद्मनाभपुर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग को निर्देशित किया गया कि आवेदिका के भ्रूण को डीएएन हेतु सरंक्षित करने के संबंध में विधि अनुसार कार्यवाही करें। आवेदिका के गर्भपात करने के संबंध में पीड़िता के स्वास्थ्य को किसी प्रकार की हानि न हो। उसके स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम 1971 में वर्णित प्रावधानुसार कार्यवाही करने की अनुमति प्रदान की गई। अधिवक्ता सौरभ चौबे ने बताया कि आवेदन के परिप्रेक्ष्य में थाना पद्मनाभपुर की केस डायरी का अवलोकन किया गया। अवलोकन से दर्शित रिपोर्ट पर अभियुक्त महेश्वर बांधे के विरुद्ध थाना पद्मनाभपुर में 1 जुलाई को अपराध दर्ज किया गया था। अपराध पंजीबद्ध होने के उपरांत थाना पुलिस द्वारा पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण जिला चिकित्सालय दुर्ग में कराया गया। चिकित्सीय परीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि पीड़िता बलात्कार की घटना के परिणामस्वरूप गर्भवती होने की बात सामने आई थी।

# ग्रामीणों ने जाना आवास निर्माण की वर्तमान स्थिति और किस्त भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर वीबीजी रामजी योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों तथा हितग्राहियों को मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

- पंचायतों में ग्रामीणों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

इस अवसर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई। आवास निर्माण की वर्तमान स्थिति, जियो टैगिंग, किश्त भुगतान, निर्माण सामग्री की उपलब्धता एवं आपूर्ति सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही हितग्राहियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि रोजगार सह आवास दिवस के दौरान अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया। स्वीकृत आवासों में लंबित प्रथम किश्तों की जानकारी साझा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीलर दीदी पहल को बढ़ावा देते हुए नई डीलर दीदियों को निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था से जोड़ने तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर लखपति दीदी बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान वीबीजी रामजी योजना के व्यापक जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि योजना के अंतर्गत कार्य की मांग प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि मजदूरी का भुगतान सात दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक व्यय की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। धमधा की लिमतरा, नंदवाय, पेण्डरीतराई एवं नदनी-खुंदनी, जनपद पंचायत

# नियमों का उल्लंघन पर मेसर्स मानिक मेडिकल का औषधि लाइसेंस निरस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक द्वारा कार्रवाई करते हुए मेसर्स मानिक मेडिकल स्टोर्स अहिवारा का औषधि लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।

- नियमों का पालन करते हुए ही कर सकेंगे संग्रहण एवं विक्रय

प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जून को सहायक औषधि नियंत्रक संजय सिंह झडेकार एवं औषधि निरीक्षक गायत्री पटेल द्वारा मेसर्स मानिक मेडिकल स्टोर्स बस स्टैण्ड के सामने अहिवारा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त संस्थान में अन्य औषधियों के साथ अनवांटेड किट, एमटीपी किट का एक नग पाया गया। मौके पर संचालक द्वारा इस संवेदनशील औषधि के संबंध में कोई भी वैध क्रय-विक्रय रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। अवैध रूप से दवा रखने और रिकॉर्ड न होने के कारण फर्म को विगत 24 जून को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। इस संबंध में फर्म द्वारा 30 जून को कार्यालय में अपना जवाब प्रस्तुत किया गया, जिसमें संचालक ने उक्त औषधि से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या बिल प्रस्तुत करने में असमर्थता जाहिर की। फर्म के इस कृत्य को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के नियमों का स्पष्ट और गंभीर उल्लंघन मानते हुए, औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक श्री संजय सिंह झडेकार द्वारा 6 जुलाई को मेसर्स

## ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत तैयार की गई हैं कि यह डबरियां व नवा तरिया

# मोर गांव-मोर पानी अभियान का असर, डबरियों और तालाब हुए रिचार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मानसून की सक्रियता के साथ ही जिले में संचालित मोर गांव–मोर पानी महाअभियान के सकारात्मक परिणाम अब गांव-गांव में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। पिछले कुछ दिनों से हुई अच्छी वर्षा के कारण अभियान के तहत निर्मित आजीविका डबरियां, नवा तरिया तथा अन्य जल संरक्षण संरचनाएं तेजी से पानी से भर रही हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता बढ़ने के साथ-साथ कृषि, सिंचाई, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अन्य ग्रामीण आजीविका गतिविधियों को नई मजबूती मिल रही है।

- जिला पंचायत सीईओ ने की समीक्षा

मोर गांव-मोर पानी' अभियान के अंतर्गत जिले में बड़े पैमाने पर जल संरक्षण एवं जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य केवल जल संरचनाओं का निर्माण करना नहीं, बल्कि उन्हें ग्रामीण समृद्धि का स्थायी आधार बनाना है। मानसून की वर्षा के साथ इन संरचनाओं के भरने से यह स्पष्ट हो गया है कि यह अभियान जल संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता में वृद्धि तथा ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी परिणाम दे रहा है।

### 112 से ज्यादा डबरियां और तालाबों में भरा पानी

जिले में निर्मित 30 आजीविका डबरियां वर्षा जल का प्रभावी संचयन कर रही हैं। वहीं 'नवा तरिया–आय के जरिया' पहल के अंतर्गत निर्मित 112 डबरी एवं तालाब भी वर्षा जल से लबालब भरने लगे हैं। इन जल संरचनाओं से मत्स्य पालन, सिंचाई, बागवानी तथा अन्य आयवर्धक गतिविधियों के लिए वर्षभर स्थायी जल स्रोत उपलब्ध होंगे। जुलाई से लागू विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी के अंतर्गत 303 जल संरक्षण एवं जल संवर्धन कार्यों को गति दी जा रही है। इन कार्यों से वर्षा जल का अधिकतम संचयन, भू-जल पुनर्भरण तथा ग्रामीण आजीविका को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।



### 300 पंचायतों में जल संरक्षण को लेकर अभियान

भू-जल स्तर बढ़ाने तथा वर्षा जल के अधिकतम संरक्षण के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मोर गांव–मोर पानी अभियान 2.0 एवं मनरेगा के प्रभावी समन्वय से व्यापक स्तर पर जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य किए गए हैं। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले की 300 ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी गई। वित्तीय वर्ष में 55,965 वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच, 15 परकोलेशन पॉण्ड, 834 रिचार्ज पिट, 1,324 रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं, 9,663 सोख्ता गड्ढे, 123 ग्राम तालाब, 20,518 कंटूर ट्रेंच, 26 चेक डैम तथा 28 बोरवेल रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया गया। मनरेगा के तहत अब तक 33 करोड़ 91 लाख 90 हजार रुपये की मजदूरी राशि का भुगतान किया जा चुका है।

# 85 हजार विद्यार्थी एक ही यूनिफॉर्म के सहारे स्कूल पहुंच रहे, दूसरी जोड़ी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नए शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ दुर्ग जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को नई यूनिफॉर्म मिल गई है। नई यूनिफॉर्म मिलने से बच्चे काफी उत्साहित हैं। लंबे समय के बाद यूनिफार्म बदली है। चेक शर्ट और गहरे नीले रंग की पैंट पहनकर छात्र स्कूल पहुंच रहे हैं। वहीं छात्राओं के लिए भी इसी रंग की यूनिफार्म दी गई है। शासन की योजना के तहत प्रत्येक विद्यार्थी को दो जोड़ी गणवेश मिलना है, लेकिन फिलहाल विद्यार्थियों को केवल एक ही जोड़ी यूनिफॉर्म वितरित की गई है। ऐसे में बच्चों को पूरे सप्ताह उसी एक यूनिफॉर्म के सहारे स्कूल जाना पड़ रहा है। दुर्ग जिले में कक्षा पहली से आठवीं तक कुल 85,062 विद्यार्थियों के लिए गणवेश वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक विद्यार्थी को दो सेट यूनिफार्म उपलब्ध कराया जाना है। इस आधार पर जिले में कुल 1,70,124 गणवेशों का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन 85 हजार विद्यार्थियों को ही यूनिफार्म मिल पाया है।

## खबर संक्षेप

### नीता चौरसिया को वरिष्ठ सहसंयोजक की मिली जिम्मेदारी

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के सहमति और भाजपा जिला शिक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक विनोद उपाध्याय द्वारा भिलाई जिला शिक्षा प्रकोष्ठ की घोषणा की गई। इसमें नीता चौरसिया को भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ भिलाई जिले का वरिष्ठ सहसंयोजक का दायित्व सौंपा गया है। नीता चौरसिया सबसे वरिष्ठ भाजपा नेत्री हैं जिन्होंने शिक्षा खेल सामाजिक संगठन और महिला बाल विकास विभाग जैसे क्षेत्र में अहम भूमिका निभाते हुए सक्रिय कार्य कर रही है। सूची नेता चौरसिया लगभग 12 वर्ष तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भारत स्काउट गाइड की जिला संगठन आयुक्त रह चुकी है।

### पावर हाउस फ्लाई ओवर का मेंटेनेंस शुरू जगह-जगह हैं गड्ढे

**भिलाई।** नंदिनी रोड से पॉवर हाउस होकर टाउनशिप को जोड़ने वाले फ्लाईओवर में मेंटेनेंस का काम शुरू कर दिया है। इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे हैं। इसकी वजह से लोगों को आवाजाही में खासी परेशानी उठानी पड़ रही थी। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया, इसके बाद लोक निर्माण विभाग सेतु निगम हरकत में आया। इसके बाद मेंटेनेंस शुरू किया गया है।

### अमृत सरोवर तालाब सूखा बोरखनन की मांग

**धमतरी।** दुगली पंचायत के आश्रित विरनपारा के सूखे तालाब को भरने बोर खनन की मांग की गई है। सीटू के जिला सचिव समीर कुरैशी, दुगली पंचायत पंच हरीश कुमार, जागेश्वर आदि ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि नगरी विखं के ग्राम पंचायत दुगली के आश्रित विरनपारा में दो साल पहले अमृत सरोवर योजना के तहत गौरा तालाब और नया तालाब का जीर्णोद्धार किया गया है। दोनों तालाब के सूखने के कारण निस्तारी की समस्या से लोग जूझ रहे है। विरनपारा में 200 आदिवासी परिवार निवास करते हैं। जहां किसी की मृत्यु होने पर नहावन जैसे पारम्परिक कार्यक्रम करना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने सीटू के बेनर तले कलेक्टर से मुलाकात कर दोनों तालाबों को भरने बोर खनन करने की मांग की है।

पेज 11 का शेष

### बालोद नगर पालिका ..

अध्यक्ष राजा दीवान, जिला महामंत्री सौरभ लुनिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी तथा शहर मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा उपस्थित रहे। लोकार्पित प्रमुख विकास कार्यों में दिल्ली चौक से लगभग 1.850 किलोमीटर मार्ग पर 5 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से निर्मित मार्ग विभाजक (डिवाइडर) एवं सौंदर्यीकरण कार्य तथा तांदुला पुल से कॉलेज तक 1 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित डिवाइडर एवं आधुनिक स्ट्रीट लाइट व्यवस्था शामिल है। इन कार्योंर् से शहर की यातायात व्यवस्था अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनेगी।

### रिपोर्टर पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग

# विधायक कुंवर सिंह पर लगाए आरोपों के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के नेतृत्व में गुरुवार को गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद के विरुद्ध यूट्यूब चैनल हेडलाईन भिलाई के माध्यम से रिपोर्टर द्वारा भ्रामक, निराधार एवं तथ्यहीन आरोप लगाने के विरोध में रिपोर्टर के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने थाना प्रभारी गुण्डरदेही व अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञात हो कि वार्ड क्र 13 नगर पंचायत गुण्डरदेही में सन् 1987 में जय भारती मत्स्य पालन सहकारी समिति गुण्डरदेही द्वारा वर्तमान ख नं 826 रकबा 5 डिसमिल जमीन क्रय कर सन् 1992 में समिति का कार्यालय भवन निर्मित है, लेकिन वर्तमान समय में समिति के कार्य विस्तार को देखते हुए भवन छोटा होने से विधायक द्वारा समिति की मांग पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु विधायक निधि से 4 लाख की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई, जिसका 4 जुलाई को भाजपा के नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष विजय सोनकर एवं भाजपा पार्षदों के साथ कार्यस्थल पर जाकर भूमिपूजन किया गया। विघ्न संतोषी तत्वों द्वारा उक्त जमीन को लेकर न्यायालय में अपील किया गया था, जिसे आयुक्त दुर्ग संभाग द्वारा फरवरी 2023 में खारिज कर वाद भूमि का स्वामित्व समिति के पक्ष में न्यायोचित ठहराया था, बुधवार को सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में रिपोर्टर द्वारा विधायक के ऊपर जमीन का अवैध कब्जा करवा कर विधायक निधि का दुरुपयोग करने एवं नशाखोरी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है, जो कि निराधार, तथ्यहीन एवं अनर्गल आरोप है, जिससे विधायक कुंवर सिंह निषाद के सार्वजनिक जीवन की प्रतिष्ठा एवं छवि धूमिल हुई है, जिससे कांग्रेसजनों एवं मछुआरों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अगर रिपोर्टर की तत्काल गिरफ्तारी नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगे।

ज्ञापन सौंपने वालो मे जिला कांग्रेस महामंत्री भोजराज साहू, सलीम खान पार्षद, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा के अध्यक्ष जीवन बंदे, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष केके राजू चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष सलीम खान, तरुण साहू, रूपचंद जैन, ब्लॉक उपाध्यक्ष लिखन निषाद, महामंत्री पवन सिन्हा, अभिषेक यादव, कुलेश्वर तिवारी, जनपद सदस्य आसिफ गहलोत, पार्षद पोषण निषाद, नगर कांग्रेस अध्यक्ष लालू सोनकर, रिजवान तिगाला, गिरधारी निषाद, परस ठाकुर, ओमप्रकाश यादव, युकां के मनीष सेन, हेमंत पटेल, भानुप्रताप सिन्हा एनएसयूआई अध्यक्ष उस्मान रजा, बबलू भक्ता, जय भारती मत्स्य पालन समिति के अध्यक्ष कोमल निषाद, प्रबंधक नकुल निषाद सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## से.5 में क्वार्टर के छज्जे का प्लास्टर गिरा, बाल-बाल बचा परिवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बरसात के मौसम के शुरु होते ही टाउनशिप जर्जर क्वार्टरों में छज्जे टुकड़े गिरने का सिलसिला शुरु होने से दुर्घटना का अंदेशा बढ़ गया है। है। बीति रात सेक्टर-5, सड़क-10 स्थित क्वार्टर के बेडरूम की छत का प्लास्टर अचानक भरभराकर जमीन पर गिर पड़ा।

घर के वाशिंदे बाल बाल बच गए। मंगलवार रात सेक्टर 5 बीएसपी के यूनिवर्सल रेल मिल के प्लानिंग विभाग में कार्यरत कर्मी श्रीकांत का परिवार उस समय ठीक उसी स्थान पर नहीं था, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। परिवार में 11 माह का बच्चा है। चिकित्सकीय सलाह के कारण वे पलंग के बजाय जमीन पर सोते थे, लेकिन उस रात बाजार से देर से लौटने के कारण अभी सोए नहीं थे। जिस स्थान पर परिवार रोज सोता था, वहीं भारी प्लास्टर गिरा। दोनों कमरों में 15 किलो वजनी पंखे जर्जर छत से लटके हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही सीटू यूनियन के लोगों ने मौके पर पहुंच जर्जर आवास का निरीक्षण किया। देखा कि टार फेल्टिंग और मरम्मत कार्य नहीं हुआ है। जबकि प्रबंधन द्वारा टार फेल्टिंग कराए जाने का दावा किया जाता है।इससे पहले भी इसी भवन के छज्जे गिर चुके हैं, लेकिन स्थायी मरम्मत नहीं की गई। बारिश के मौसम में ऐसे जर्जर आवास हजारों परिवारों के लिए खतरा बने हुए हैं। दो दिन पूर्व भी सेक्टर 6 में एक आवास के छज्जे का प्लास्टर गिरा था।

## आमटी आंगनबाड़ी केंद्र में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम आमटी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-01 में बुधवार को पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना था।

- जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने लगाए फलदार और छायादार पौधे, देखभाल का लिया संकल्प

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी ने पौधारोपण कर किया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना तथा उनकी नियमित देखभाल करना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से हर वर्ष पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर उपसरपंच डॉ. तुलाराम साहू, पंच पंकज पटेल, मोहन लाल, कन्हैया चौधरी, मेघनाथ निषाद, ताम्रध्वज साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशिकला चौधरी, सहायिका रामहीन पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी परिसर में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने एक पेड़, अनेक जीवन का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।

## अंडा आंगनबाड़ी केंद्र में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में 'एक पेड़ मां के नाम' और 'जल शक्ति से नारी शक्ति' अभियानों के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों और महिलाओं को सुपोषण उपलब्ध कराना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। पोषण वाटिका और फलदार पौधे कुपोषण दूर करने के लिए आंगनवाड़ी परिसरों में अमरूद, मुनगा (सहजन) जैसे फलदार और हरी सब्जियों के पौधे लगाए जा रहे हैं। इस पहल में स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिला मंडल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और गर्भवती महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा इन केंद्रों को सशक्त बनाने और बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समय-समय पर प्रवेशोत्सव और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत अंडा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 में कार्यकर्ता, सहायिका व बच्चों ने पौधारोपण किया। बच्चों को पेड़ का महत्व बताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुन साहू ने कहा कि मानव जीवन कि कल्पना बिना पेड़-पौधों के नहीं की जा सकती।

- बच्चों को बताया पेड़ों का महत्व, पोषण वाटिका विकसित करने पर दिया गया जोर

इसलिए घर, आंगन व बाड़ी में पौधे लगाना चाहिए। कार्यकर्ता सकुन सुकदेवे ने बताया कि पेड़-पौधों से ही हमें ताजी हवा मिलती है। इस अवसर पर मितानिन गण रुखमनी देशमुख, खुरशीद बैगम, तीजन यादव, अनपूर्णा, देविका, कुशमा, कंचन गौतम, पेमीन नागवंशी, चंद्रहास साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सामाजिक सुरक्षा कमजोर करने पर सीटू करेगी देशव्यापी विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीटू यूनियन ने केंद्र सरकार के मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा कमजोर करने पर देशव्यापी विरोध की चेतावनी दी है।

यूनियन के मुताबिक 8.25 प्रतिशत ब्याज दर बनाए रखना कर्मचारियों का अधिकार है, कोई विशेष उपहार नहीं। सरकार इस घोषणा को बड़ी उपलब्धि बताकर उन नीतिगत बदलावों से ध्यान हटाना चाहती है, जो भविष्य में कर्मचारी भविष्य निधि, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की पूरी व्यवस्था को कमजोर कर सकते हैं। वास्तविक चिंता ब्याज दर नहीं, बल्कि ईपीएफ की संरचना में किए जा रहे बदलाव हैं। यूनियन के मुताबिक कि ईपीएफ योजना-2026, ईपीएस-2026 और ईडीएलआई-2026 को सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अनुरूप लागू करने की तैयारी कर्मचारियों को परेशानी होगी। भविष्य में सरकार नियमों में संशोधन कर नियोक्ताओं की जिम्मेदारी कम कर सकती है। कर्मचारियों के अधिकार सीमित किए जा सकते हैं तथा सामाजिक सुरक्षा को चरणबद्ध तरीके से कमजोर किया जा सकता है। श्रमिकों के दशकों के संघर्ष से प्राप्त अधिकारों को किसी भी स्थिति में कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।सरकार ने छूट प्राप्त प्रतिष्ठानों के लिए एमनेस्टी योजना लाकर ब्याज, हर्जाना और दंड में राहत देने का निर्णय लिया है। स ईमानदार संस्थानों और कर्मचारियों के साथ अन्याय मानता है।

## सेल ने किया पीटी काकाटाऊ स्टील के साथ एमओयू करने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान इंडोनेशिया में स्टेनलेस स्टील स्लैब निर्माण के लिए संयुक्त उद्यम (ज्वाइंट वेंचर) की संभावना तलाशने के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल ) और इंडोनेशियाई इस्पात निर्माता पीटी क्राकाटाऊ स्टील (पीटी करकटू स्टील) ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।

सेल ने इंडोनेशिया में स्टेनलेस स्टील स्लैब के उत्पादन के लिए एक संयुक्त उद्यम स्थापित करने की संभावना तलाशने के लिए पीटी क्राकाटाउ स्टील (परसेरो) टीबीके., इंडोनेशिया (पीटू करकाटू स्टील (परसेलो) टीबीके, इंडोनेशिया) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू ) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया दुनिया के सबसे समृद्ध निकल (निकल) भंडारों में से एक तक पहुंच प्रदान करता है - जो स्टेनलेस स्टील के लिए एक आवश्यक कच्चा माल है । वहीं सेल के पास इस्पात उत्पादन, परियोजना निष्पादन और बड़े एकीकृत इस्पात संयंत्रों के संचालन का वर्षों का अनुभव है। प्रस्तावित संयुक्त उद्यम से इंडोनेशिया के खनिज संसाधनों के वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत और एशियन क्षेत्र में स्टेनलेस स्टील की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी।

## सेक्टर-9 स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के जन्मदिन पर सेक्टर-9 स्थित हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। संगठन के सभी 13 मंडलों के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और सदस्यों ने उन्हें सम्मानित किया। महिला मोर्चा ने 5 प्रकार के फलों से तौला। सेक्टर-3 स्थित फील परमार्थ फाउंडेशन पहुंचकर निराश्रित और वृद्धजनों को भोजन वितरित किया। कोसा नगर गोठान में पहुंचकर गौवंश को घास और गुड़ खिलाकर सेवा कार्य किया। सांसद विजय बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला भिलाई संगठन प्रभारी रामजी भारती, विधायक डोमन लाल कोसेवाड़ा, खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडेय, सिन्धी साहित्य अकादमी की अध्यक्षा सुषमा जेठानी, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पांडे, पूर्व कैबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू और रमशीला साहू, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, नगर पालिका परिषद् जामुल अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर, नगर पालिका परिषद् अहिवारा अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा, दुर्ग जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, धमधा जनपद अध्यक्ष लीमन साहू, नगर निगम भिलाई नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह आदि ने उन्हें बधाई दी। इस दौरान जिला मंत्री विनोद सिंह, पारस जघेल, मदन सेन, सचिन ताम्रकार, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल व उनकी टीम सहित अनेक पदाधिकारी उनके साथ मौजूद रहे।

# पेंशनरों की समस्याओं के समाधान की मांग गुरूर तहसील इकाई की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज गुरुर की बैठक सनौद में मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुआ। बैठक में तहसील अध्यक्ष सर्व सेवाराम तेजस्वी, जिलाध्यक्ष जीके.साहू, संरक्षक नेमसिंह साहू, अध्यक्ष डीआर.गजेंद्र, भारतीय पेंशनर्स महासंघ जिला बालोद उपाध्यक्ष मंतराम राजपुरिया, संरक्षक सीताराम सोनखुटिया, कार्यकारिणी सदस्य सम्पतलाल कलिहारी ने विचार व्यक्त किए।

- महंगाई भत्ता, एरियर भुगतान और अतिरिक्त पेंशन सहित विभिन्न मांगों पर हुई चर्चा

बैठक में चर्चा किया गया कि पेंशनरी के भुगतान में मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ के मध्य एक दुसरे राज्य से सहमति लेने की प्रक्रिया को समाप्त किया जाए। केंद्र के समान 01 जनवरी व 1 जुलाई से मंहगाई भत्ता स्वीकृत किया जाए। छठवे वेतनमान के अनुरुप 01 जनवरी 2006 के पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों का 32 माह का एरियर का भुगतान शीघ्र किया जाए। सातवे वेतनमान के अनुरुप 01 जनवरी 2016 के पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों को 27 माह का एरियर का भुगतान शीघ्र किया जाय। 65, 70 व 75 की आयु पूर्ण करने से क्रमशः 5, 10 और 15 अतिरिक्त पेंशन, पेंशनरों को भुगतान किये जाने का आदेश छत्तीसगढ शासन से जारी किया जाए। नवीन सदस्य गंगा राम साहू डोटोपार व धनीराम साहू पलारी का अभिनन्दन किया गया। बताया गया कि प्रांतीय पदाधिकारियों का चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो गया है।

कोषाध्यक्ष सम्मेराम यादव ने आय–व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन तहसील सचिव गांधीराम साहू ने किया व आभार प्रदर्शन तहसील उपाध्यक्ष मंतराम राजपुरिया ने किया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में के.मुरारीदास, चंद्रहास वैका, बीआर.सोनवानी, एआर.नागवंशी, यूएस.नागवंशी, बीआर.अठनागर, महेत्तर राम सोनी, महेंद्र कुमार सोनबोईर, महेंद्र कुमार सोनवानी, नारायण कुमार सेन, लखनलाल करियाम, ईश्वर लाल सिंहा, लोकुराम साहू, यादव कुमार साहू, पीआर.गंगबेर, राधेश्याम, मिथिलेश, रेखराम निषाद, थानूराम साहू, डीडी.साहू, धनसिंह गंजीर, ईश्वरी प्रसाद साहू, गणेशराम पंत, बहोरन कुमार साहू, डी.आर.साहू, टी.आर. कलिहारी, रामकुमार सांडिल्य, नरेन्द्र कुमार सेनपाल, आरके.देवांगन, कीर्तन सोनवानी, विमला साहू, खेदी भौजार्य उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
9 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
9 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 16 से बालोद में स्वामी युगल शरण के सान्निध्य में चार दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन

**बालोद।** ब्रज गोपिका धाम से स्वामी युगल शरण का आगमन



बालोंद में 16 जुलाई दोपहर को हो रहा है, जिसमे 16 जुलाई शाम से 19 जुलाई तक कुर्मी भवन बालोद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सुबह – शाम संकीर्तन, रूप ध्यान, मेडिटेशन, आध्यात्मिक प्रश्नोत्तरी आयोजित की जा रही है। जिसमे बालोद यूनिट के समस्त सदस्यो को कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने तथा जानकारी प्रदान करने हेतु पेंशन भवन शिकारीपारा बालोंद में 11 जुलाई शनिवार को शाम 7 बजे बैठक रखी गई है।

### पशु क्रूरता, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** एक आवारा श्वान के पिल्ले की लात मारने से मौत होने का मामला सामने आया है। घटना स्मृति नगर चौकी क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि 5 जुलाई की शाम स्मृति नगर मेन रोड पर टहल रहा था। बारिश से बचने के लिए एक पिल्ला मां बम्लेश्वरी ऑटो सेंटर के सामने खड़ा था। ऑटो सेंटर के संचालक ने पिल्ले को वहां से हटाने के लिए उसे जोर से लात मार दी। लात लगने से पिल्ला पास में बनी पानी की टंकी में जा गिरा। आसपास मौजूद लोगों ने कुछ देर बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के अगले दिन हिमांशु उपाध्याय अपने साथी शशिकांत बोल्ला के साथ पुलिस चौकी में संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज कराया।

### आयुक्त पांडेय का तबादला, नई आयुक्त होंगी सुरूचि सिंह

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय का तबादला उच्च शिक्षा संचालय के अपर संचालक पद पर किया गया है। निगम की नई आयुक्त सुरूचि सिंह होंगी। सुरूचि सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव से तबादला होकर यहां आई हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव ने इस आशय का आदेश जारी किया है। हाल ही में आयुक्त पांडेय के खिलाफ महापौर और कांग्रेस पार्षदों द्वारा हाईकोर्ट में दायर की गई याचिका खारिज हो गई थी। उसके बाद छह महीने के बाद एमआईसी की बैठक हुई। शहर में विकास को लेकर पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। निगम चुनाव केवल पांच महीने शेष है। माना जा रहा है कि राज्य सरकार निगम चुनाव के मद्देनजर आयुक्त सुरूचि सिंह की पदस्थापना की है।

### दुर्ग स्टेशन पहुंचे डीआरएम कामों की ली जानकारी

**भिलाई।** रेलवे के डीआरएम दयानंद जनशताब्दी एक्सप्रेस से दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां रेलखंड का निरीक्षण किया। उन्होंने रायपुर से दुर्ग तक लोकोमोटिव में निरीक्षण के माध्यम से रेल संरचना, संरक्षा, परिचालन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान रेलवे के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से जुड़े व्यवस्थाओं एवं कार्यों का चलती ट्रेन में दुर्ग स्टेशन पर रि-डेवलपमेंट कार्यों का निरीक्षण किया।

# विश्व जूनोसिस दिवस पर निकुम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनजागरूकता कार्यक्रम

## पशुओं से फैलने वाली बीमारियों से बचाव एवं समय पर उपचार की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अण्डा

विश्व जूनोसिस दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जूनोसिस (पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों) के प्रति जागरूक करना तथा बचाव और उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि रेबीज, ब्रुसेलोसिस, बर्ड फ्लू और अन्य कई संक्रामक रोग पशुओं से मनुष्यों में फैल सकते हैं। इन बीमारियों से बचाव के लिए पशुओं का समय-समय पर टीकाकरण, स्वच्छता का पालन, संक्रमित पशुओं से दूरी तथा किसी भी प्रकार के पशु के काटने

- जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों तक स्वास्थ्य संबंधी संदेश पहुंचाने का लिया संकल्प



या संपर्क में आने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को जूनोसिस रोगों के लक्षण, बचाव के उपाय तथा समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध लक्षण की स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी, मितानिन समन्वयक तथा मितानिन प्रेरक उपस्थित रहे। सभी ने जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों तक स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया।

## आयोजन : राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त प्रहलाद रजक रहे मुख्य अतिथि

# भटगांव स्कूल में भारत माता की प्रतिमा का अनावरण, 20 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भटगांव स्कूल में भारत माता की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस दौरान 20 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ। विकासखंड गुण्डरदेही के अंतर्गत आने वाले ग्राम भटगांव में स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त प्रांगण में भारत माता की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस ऐतिहासिक पल के साक्षी सैकड़ों ग्रामीण और स्कूली बच्चे बने।

- ग्रामीणों और विद्यार्थियों की रही उत्साहपूर्ण सहभागिता

इस अवसर पर गांव में 20 लाख रुपये की लागत से होने वाले अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण भी संपन्न हुआ, जिसमें 10 लाख रुपये की लागत से हुआ सीमेंटीकरण कार्य और 10 लाख रुपये का मुरूम समतलीकरण कार्य शामिल है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त प्रहलाद रजक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथियों में जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राक, मंडल प्रभारी अश्वनी यादव, मंडल अध्यक्ष गुण्डरदेही युवराज मारकण्डेय, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मण्डावी और मंडल महामंत्री शैल मोहाबिया सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने कहा कि आज भटगांव की पावन धरा पर भारत माता की प्रतिमा का अनावरण होना हम सबके लिए गौरव का विषय है। यह प्रतिमा हमारी आने वाली पीढ़ी को देशप्रेम, त्याग और अखंडता की प्रेरणा देती रहेगी। जब भी हमारे बच्चे स्कूल प्रांगण में प्रवेश करेंगे, भारत माता का यह स्वरूप उन्हें देश के प्रति कर्तव्यों की याद दिलाएगा। हमारी सरकार राज्य के हर गांव को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज जिन 20 लाख रुपये के विकास कार्यों सीमेंटीकरण और मुरूम समतलीकरण का लोकार्पण हुआ है, वह इस बात का प्रमाण है कि विकास की धारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने विकास कायोंर् की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासकीय स्कूल परिसर में इस प्रकार के धार्मिक और राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक स्थापित होने से बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसके साथ ही गाँव के भीतर 10 लाख रुपये का सीमेंटीकरण और 10 लाख रुपये का मुरूम समतलीकरण होने से यहाँ के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। कीचड़ और ऊबड़–खाबड़ रास्तों से मुक्ति मिलने से बच्चों और ग्रामीणों का अवागमन सुगम होगा। हम जिले के विकास के लिए हमेशा तत्पर है और आगे भी ऐसे जनहित के कायोंर् को प्राथमिकता दी जाएगी। विशिष्ट अतिथि पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि आज का दिन भटगांव के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। यह सब जनप्रतिनिधियों की एकजुटता और ग्रामीणों के सहयोग से संभव हुआ है।

ये रहे उपथित इस अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए सरपंचों की प्रमुख भूमिका रही, जिनमें मुख्य रूप से सरपंच भारती साहू, जितेश्वरी ठाकुर, पेमीन साहू, डिकेश्वरी साहू, सरपंच शैलेन्द्र निषाद, डिलेश्वर साहू, राजेश शोरी, सोनाम राम साहू शामिल थे। आभार प्रदर्शन स्थानीय सरपंच व आयोजन समिति द्वारा किया गया।

# नगर पंचायत डौंडी में नव नियुक्त एल्डरमेनों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी

नगर पंचायत डौंडी में गुरुवार को नव-नियुक्त एल्डरमेनों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डौंडी ने निलेश जायसवाल, निखिल अग्रवाल एवं श्रीमती संध्या निषाद को एल्डरमैन पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि एल्डरमैन नगर पंचायत की कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नव-नियुक्त एल्डरमैनों से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर के विकास कार्यों में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास और सुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है तथा नगर पंचायत डौंडी में भी सभी जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास से नागरिक सुविधाओं और विकास कार्यों को गति मिलेगी। शपथ ग्रहण के बाद अतिथियों ने नव-नियुक्त एल्डरमेनों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री सौरभ लुनिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा महिला महामंत्री शीतल नायक, जिला सह-कोषाध्यक्ष मनीष झा, जिला मंत्री सोमेश सोरी, मंडल अध्यक्ष डॉ. रूपेश नायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ओ, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंतीन चौरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर, विधायक प्रतिनिधि कैलाश राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कंगला मांझी, अजय चौहान सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष देवांगन तथा निकाय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ब्लॉक स्तरीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

राज्य स्तरीय स्कूल खेल कैलेंडर जारी होने के बाद विकासखंड स्तरीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक वर्ग तथा अंडर-17 एवं अंडर-19 बालिका वर्ग की टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ए.के. साहू एवं विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी बी.के. देहारी ने पूजा-अर्चना के साथ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री साहू ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन और समर्पण के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया।

- खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की दी सीख

विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी श्री देहारी ने खिलाड़ियों को खेल के नियमों की जानकारी देते हुए खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना और अनुशासन है। प्रतियोगिता के सफल संचालन में विकासखंड के समस्त व्यायाम शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। खेल संयोजक सौरभ शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आगामी चरण के लिए खिलाड़ियों का चयन भी किया जाएगा।

## भीमकन्हार स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया छात्राओं को मिली साइकिल

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीमकन्हार में गुरुवार को शाला प्रवेश उत्सव एवं साइकिल वितरण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कक्षा नवमी की छात्राओं को शासन की योजना के अंतर्गत साइकिल वितरित की गईं। वहीं कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती भगवती खरे तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री पन्नालाल सोनकर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य टी.एल. साहू ने बताया कि शाला प्रवेश उत्सव जैसे आयोजन विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने तथा विद्यालय से उनके जुड़ाव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, पालकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन का वातावरण उत्साह, उमंग और शिक्षा के प्रति जागरूकता से परिपूर्ण रहा।

- नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ स्वागत, मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

# विकसित भारत जी राम जी योजना की समीक्षा बैठक, समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

विकसित भारत जीरामजी के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी द्वारा तकनीकी सहायकों एवं ग्राम रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक 09 जुलाई को जनपद पंचायत गुरूर में आयोजित की गई। बैठक में योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी ग्राम रोजगार सहायकों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

- पौधारोपण, प्रधानमंत्री आवास और मनरेगा कार्यों की प्रगति की हुई समीक्षा

कार्यक्रम अधिकारी ने निर्देशित किया कि पौधारोपण कार्य हेतु गड्ढा खुदाई का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को मनरेगा के माध्यम से 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा जिन हितग्राहियों के आवास कार्य बंद हैं, उनका आवास निरस्त हेतु पंचनामा तैयार कर कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि मनरेगा अंतर्गत संचालित कायोंर् की प्रदाय सूची के अनुसार 10 जुलाई की स्थिति में सभी बिल एवं आवश्यक दस्तावेज भुगतान हेतु समय पर प्रस्तुत किए जाएँ। साथ ही विकसित भारत जीरामजी अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से कम से कम तीन नए कायोंर् के प्रस्ताव नक्शा एवं खसरा सहित स्वीकृति हेतु भेजे जाएं। साथ ही जल संरक्षण से संबंधित कार्यों के गुणवत्तापूर्ण फोटोग्राफ निर्धारित समय में जमा करने तथा आगामी सोमवार से सभी ग्राम पंचायतों में मांग के आधार पर विकसित भारत जीरामजी योजना अंतर्गत अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम अधिकारी ने सभी तकनीकी सहायकों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण करें तथा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को अधिकतम रोजगार एवं विकास कार्यों का लाभ सुनिश्चित करें।



## बिहान समूह की दीदियों ने अनुभव साझा किए, महिला सशक्तीकरण पर दिया गया जोर

# कुसुमकसा में 'दीदी के गोठ' कार्यक्रम में महिलाओं ने साझा की आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत नया सवेरा महिला संकुल संगठन, कुसुमकसा द्वारा बुधवार को 'दीदी के गोठ – दीदियों की कहानी, उन्हीं की जुबानी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस थे, जबकि ग्राम पंचायत प्रतिनिधि संतोष जैन एवं पंकज जेठवानी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान संकुल क्षेत्र की स्वयं सहायता समूहों की पदाधिकारी एवं बिहान समूह की सक्रिय दीदियां बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि संजय बैस ने कहा कि बिहान समूह आज केवल बचत और ऋण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की एकता, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि संगठित होकर कार्य करने से महिलाएं न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ग्राम पंचायत प्रतिनिधि संतोष जैन और पंकज जेठवानी ने भी समूह की महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।




### आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने किया प्रेरित

कार्यक्रम के दौरान बिहान समूह से जुड़ी महिलाओं ने अपनी सफलता की कहानियां साझा करते हुए बताया कि समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने स्वरोजगार शुरू कर परिवार की आय में वृद्धि की है। महिलाओं ने सामूहिक गीतों एवं अनुभवों के माध्यम से कार्यक्रम को प्रेरणादायक बनाया। अंत में दीदियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया तथा संकुल संगठन की ओर से सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में नया सवेरा महिला संकुल संगठन की अध्यक्ष धनमत गांवड़े, सचिव आरती पांडे, पीआरपी आरती वत्सल, कविता रामटेके, अमाय नागवंशी सहित बिहान समूह की बड़ी संख्या में महिलाएं, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

